TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

Wednesday

## 08 मई

1. **विश्व रेडक्रॉस दिवस–** रेडक्रॉस की स्थापना 1863 ई. में हेनरी ड्यूनैंट द्वारा की गई थी। रेडक्रॉस का उद्देश्य रोगियों, घायलों, युद्धकालीन बंदियों की सेवा तथा देख–रेख करना है। इसे तीन बार (वर्ष 1917, 1944, 1963 में) नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्जरलैंड) में है। यह दिवस प्रतिवर्ष 8 मई को मनाया जाता है। इसी दिन मानव सेवा के कार्यों के लिए पहला नोबेल शांति पुरस्कार (1901 ई.) विजेता तथा रेडक्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनैंट का जन्मदिवस भी है। रेडक्रॉस की ही पहल पर विश्व का पहला ब्लड बैंक अमेरिका में 1937 में खुला था। रेडक्रॉस थैलेसिमिया, एनीमिया जैसी अनेक बीमारियों के बचाव के लिए जागरूकता का आयोजन करती है।
2. **विश्व थैलेसीमिया दिवस–** विश्व थैलेसीमिया दिवस 8 मई को मनाया जाता है। थैलेसीमिया खून से संबंधित आनुवांशिक बीमारी है, जिसके कारण शरीर में हीमोग्लोबिन का निर्माण नहीं हो पाता है। इसके कारण एनीमिया (खून की कमी) हो जाता है और रोगी को हर दो–तीन सप्ताह के बाद रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। भारत में थैलेसीमिया का पहला मामला 1938ई. में आया था। माना जाता है कि विश्व में थैलेसीमिया के सबसे ज्यादा मरीज भारत में हैं।



मधु प्रिया

# विश्व रेड क्रॉस दिवस 8 मई




रेड क्रॉस एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जिसका मिशन मानवीय जिन्दगी व सेहत को बचाना है। इसकी स्थापना **1863** ई. में हेनरी ड्यूनेन्ट ने जेनेवा में की। इसका मुख्यालय जेनेवा स्विट्जरलैंड में है। विश्व रेड क्रॉस दिवस हर साल **8** मई को मनाया जाता है। इसके संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिन पर यह दिन मनाया जाता है। हेनरी ड्यूमेंट के प्रयासों से **1864** में जेनेवा समझौते के जरिए अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस मूवमेंट की स्थापना हुई थी। अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस और रेड क्रीसेंट आंदोलन के सिद्धांतों को मनाने के लिए **8** मई को हर साल विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोग रेड क्रॉस वॉलिंटियर्स को जरूरतमंद लोगों की मदद करने में उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि देते हैं।।यह दिवस रेडक्रॉस के संस्थापक और शान्ति के लिए पहले नोबल पुरस्कार विजेता जीन हेनरी ड्यूनैंट के जन्म दिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।रेड क्रॉस का चिन्ह् सफेद पट्टी पर लाल रंग क्रॉस है। इस चिन्ह का गलत उपयोग करने पर कानून के तहत कार्यावाही की जाती है।

# जयंती विशेष 08 मई

राकेश कुमार




हेनरी ड्यूनेन्ट (जन्म- 08 मई 1828 मृत्यु- 30 अक्टूबर 1910) एक स्विस व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता, रेड क्रॉस के संस्थापक थे और नोबल शांति पुरस्कार के पहले प्राप्तकर्ता थे। 1864 के जेनेवा कन्वेंशन के विचारों पर आधारित था। 1910 में उन्होंने फ्रेडरिक पासी के साथ मिलकर पहले नोबल शांति पुरस्कार प्राप्त किया, जिससे हेनरी ड्यूनेन्ट को पहली स्विस नोबल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 08.05.2024

## सामाजिक अधिगम
## (Social learning)

सामाजिक अधिगम (सीखने) से सम्बन्धित एक सिद्धान्त है। दूसरे लोगों के व्यवहार को देखकर, उससे सीखना, सामाजिक अधिगम कहलाता है। सामाजिक अधिगम, व्यक्तिगत अधिगम या समूह अधिगम की अपेक्षा अधिक बड़े पैमाने पर होता है। इसके द्वारा अभिवृत्ति या व्यवहार में परिवर्तन हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



भारत के **हैदराबाद** में स्थित **गहनों** की **दुकान** के मालिक **कोटि श्रीकंठ** ने एक **अंगूठी** तैयार की है जिसमे **7801 प्राकृतिक हीरे** लगे है इस अंगूठी में **सबसे ज्यादा हीरे** लगने के कारण **गिनीज़ बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकार्ड्स** में अपना नाम दर्ज करा लिया है।

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## IPL 2024 से



## टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय

| प्लेयर | टीम | शतक |
|---|---|---|
| विराट कोहली | RCB | 9 |
| रोहित शर्मा | MI | 8 |
| ऋतुराज गायकवाड | CSK | 6 |
| केएल राहुल | LSG | 6 |
| सूर्यकुमार यादव | MI | 6 |




TOB परिवार महान आत्मा को अपनी सच्ची श्रद्धांजली अर्पित करती है।

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 380

**माउंटेन मैन से प्रसिद्ध दशरथ मांझी ने कौन सा पहाड़ काटा था?**

A. राजगीर पहाड़

B. कैमूर पहाड़

C. विपलांचल पहाड़

D. गहलौर पहाड़





सही उत्तर: D

# TOB बूझो तो जानें..



396

ऐसी कौन – सी चीज है, जो फ्रीज़ में रखने के बाद भी गरम रहती है .... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार



प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका, ठुमरी को ऊंचाई देने वाली,

पद्म विभूषण से सम्मानित

# गिरिजा देवी

जी की जयंती पर सादर नमन।

TEACHERS OF BIHAR

THE CHANGE MAKERS

**जन्म- 8 मई 1929 - मृत्यु - 24 अक्टूबर 2017**

Madhu priya

www.teachersofbihar.org




# विश्व रेड क्रॉस डे

की हार्दिक शुभकामनाएं।

इस दिन को मनाने का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट आंदोलन (red crescent movement) के सिद्धांतों को याद करने के लिए मनाया जाता है.

Madhu priya

www.teachersofbihar.org

08 मई 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सिर्फ उसको अपनी संपत्ति समझो जिसको

तुमने अपने परिश्रम से कमाया हो।

**मुंशी प्रेमचंद**

